तापमान
अधिकतम 44 .0 डिग्री
न्यूनतम 35 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 जून 2024


12 कुदाली से राजबाहा की पटरी अज्ञात ने काटी


12 जींद ब्लॉक के सरपंचों ने सांसद का किया अभिनंदन

## खबर संक्षेप

### 11.80 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने चमेला कालोनी में युवक को काबू कर कब्जे से 11.80 ग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर युवक खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि चमेली निवासी साहिल मकान के सामने नशीले पदार्थ बेच रहा है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कैथल।** पबनावा गांव के निकट वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिया। बंदराना के प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह पबनावा में नौकरी करता है। 17 जून को जब वह खाना खाने के लिए जा रहा था तो एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक सड़क किनारे पड़ा था।

### दुकान में चोरी कर लगाई आग, अज्ञात पर मुकदमा

**जींद।** गांव अमरहेड़ी में बीती रात चोरों ने दुकान में चोरी कर आग लगा दी। जिसमें दुकान में रखी नगदी, दस्तावेज तथा अन्य सामान जल गया। सदर थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी तथा आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अमरहेड़ी निवासी सूरजभान ने शिकायत में बताया कि बीती रात दुकान को बंद कर घर चला गया था।

### वाहन की चपेट में आने से बिहार के युवक की मौत

**कैथल।** कैथल के ढांड रोड स्थित मंगला तेल मिल के निकट एक वाहन की चपेट में आने से एक बिहार के युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। बिहार के जिला समस्तीपुर की मंजू देवी ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उसका लड़का देव कैथल के कुरुक्षेत्र रोड स्थित मंगला तेल मिल पर पल्लेदार का कार्य करता था।

### बाइक सवारों पर हमला 17 के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव झील के निकट कार सवार युवकों ने बाइक सवार दो युवकों पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर दो युवकों को नामजद कर 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव झील निवासी रवि ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### मकान से हजारों के जेवर व नकदी चुराई

**कैथल।** कैथल के आरकेपुरम कॉलोनी अंबाला रोड कैथल से चोर एक मकान में घुसकर वहां पर रखे हजारों रुपए के जेवरात तथा नगदी चुरा कर ले गए। कॉलोनी के राजवीर सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 जून की रात को चोर उनके घर में घुसकर वहां पर अलमारी में रखे 52000 नगदी, सोने व चांदी के जेवरात तथा मोबाइल चुरा कर ले गए।

### घर में घुस युवती से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद।** उचाना थाना इलाके में धमकी देकर युवती का यौन शोषण करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ यौन शोषण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रहा है। उचाना थाना इलाके की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर में अकेली थी।

### महिला-युवती बिना बताए घर से लापता

**कैथल।** शहर से एक विवाहिता बिना बताए घर से चली गई। बैंक कॉलोनी के व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 10 जून को उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जयपाल ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री ने नई अनाज मंडी में आयोजित राज्यस्तरीय श्रमिक सम्मान समारोह को किया संबोधित

# श्रमिकों को फ्री में तीर्थों की यात्रा करवाएगी सरकार : सीएम

### कन्यादान एवं विवाह सहायता योजना के तहत एक लाख एक हजार रुपये में से अब 75 % राशि विवाह के तीन दिन पूर्व मिलेगी


हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीएम नायब सिंह सैनी नई अनाज मंडी में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में घोषणा की कि जो भी श्रमिक भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए तीर्थ यात्रा पर जाना चाहता हैए उसे सरकार द्वारा मुफ्त यात्रा करवाई जाएगी। इसके लिए अधिकारियों द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है। श्रमिक बस या ट्रेन से भी भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए तीर्थ यात्रा जाते हैं तो इसका खर्च हरियाणा सरकार वहन करेगी।

सीएम नायब सिंह सैनी बुधवार को जींद की नई अनाज मंडी आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा समेत कांग्रेस नेता यह कहते फिर रहे हैं कि उनकी सरकार आने पर पोर्टल को बंद कर दिया जाएगा। करनाल में भूपेंद्र हुड्डा ने यह बात बोली तो उनके मूख से भ्रष्टाचार की बू आ रही थी। क्योंकि श्रमिकों तक जो भी लाभ पहुंच रहा है, इस पोर्टल के माध्यम से पहुंचता है। अगर पोर्टल बंद हो गया तो लाभ से वंचित रह जाएंगे। इसलिए सरकार ने फैसला लिया है कि जो भी श्रमिक लाभ के लिए पोर्टल के माध्यम से अप्लाई करेगा, उसे तय समय में लाभ मिलेगा। इसके अलावा सरकार ने हैप्पी कार्ड, बिजली बिल माफी, सोलर योजना की भी शुरूआत की है। सीएम नायब सिंह सैनी ने बटन दबा कर श्रमिकों के लिए तीन योजनाओं के तहत करोड़ों रुपये का लाभ उनके खातों में डालने का काम किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बना रही है। सरकार ने पिछले 10 वर्षो् में आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड की योजना दी, जिसके तहत पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने जरूरतमंदों को प्लाट तो दे दिए थे लेकिन न तो उनकी निशानदेही करवाई गई थी और न ही कब्जा दिलवाया गया था। जिसके चलते यह प्लाट धारक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे थे। हमारी डबल इंजन की सरकार ने इन लोगों के दर्द को समझा और प्लाट की जगह चिन्हित करवाकर उन्हें प्लाट अलाट किया। साथ ही कब्जा और दस्तावेज दिलवाए। उन्होंने साथ ही कहा कि जिन गांवों में जमीन नहीं है, उन गांवों के जरूरतमंद लोगों को 100 गज का प्लाट खरीदने के लिए एक लाख रुपये उनके खातों में डाल दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के हक में मजबूत फैसले ले रही है। इससे लोगों को पीएम नरेंद्र मोदी और डबल इंजन सरकार पर पहले से ज्यादा विश्वास बना है। इस दौरान उनके साथ श्रम एवं कल्याण मंत्री मूलचंद शर्मा, भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, जिला प्रधान राजू मोर, डा. राज सैनी, जसमेर रजाना, अमरपाल राणा, 'वाहर सैनी सहित दूसरे भाजपा नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने जींद से बसों को तीर्थ यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


जींद। लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।


जींद। मंच से लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देते सीएम नायब सिंह सैनी।



जींद। इलेक्ट्रिक स्कूटी की चाबी देते सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो:हरिभूमि

### 18 योजनाओं के तहत 79.69 करोड़ की लाभ राशि जारी

श्रमिकों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार ने जींद में राज्य स्तरीय श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 18 योजनाओं के तहत 102629 श्रमिकों को 79.69 करोड़ के लाभ की राशि जारी की। बुधवार को जारी किए लाभों में 42,166 महिलाओं के खातों में सिलाई मशीन के लिए 15 करोड़ सात लाख रुपये, साइकिल योजना के तहत 19,925 श्रमिकों को 9.95 करोड़ रुपये, औजार खरीदने के लिए 19,880 श्रमिकों को 15.90 करोड़ रुपये जारी किए गए। वहीं पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए 3068 बच्चों को 2.96 करोड़ रुपये और इलेक्ट्रिक स्कूटर योजना के तहत ई-स्कूटर की खरीद के लिए 1446 बच्चों को 7.23 करोड़ की राशि सीधे उनके खातों में डाली गई है। इसी प्रकार बेटी की शादी के लिए वित्तीय सहायता और कन्यादान योजना के तहत आज 1206 श्रमिकों के खातों में 12.18 करोड़ रुपये, पंजीकृत श्रमिक के मेधावी बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना के तहत 379 बच्चों को 1.25 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खातों में डाली गई है।

### ये रहे मौजूद

पांडु-पिंडारा की पावन धरा से मुख्यमंत्री सैनी ने प्रभु श्रीराम के दर्शनों को लेकर अयोध्या धाम के लिए यात्रियों को रवाना किया। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत हरियाणा के सभी श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम के दर्शन कराने का संकल्प हरियाणा की सरकार ने लिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम की इच्छा से ही ये सेवा का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ है। सम्मान समारोह में रा'यसभा सांसद कृष्ण पंवार, श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा, पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, पूर्व विधायक जसबीर देशवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर, कॉन्फेड चेयरमैन कर्मबीर सैनी, जवाहर सैनी, पूर्व जिला प्रधान अमरपाल राणा, जसमेर रजाना, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसपी सुमित कुमार, विजयपाल एडवोकेट सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जींद। मंच से लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ देते सीएम नायब सिंह सैनी।

### श्रमिकों को पंजीकरण पर 1100 रुपये मिलेगे

मुख्यमंत्री श्रमिक पंजीकरण प्रोत्साहन योजना और कन्यादान एवं विवाह सहायता योजना की भी शुरुआत की। मुख्यमंत्री श्रमिक पंजीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत अब निर्माण श्रमिकों को पंजीकरण करने पर 1100 रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप दी जाएगी। साथ ही कन्यादान एवं विवाह सहायता योजना के तहत श्रमिकों को उनकी बेटियों की शादी के लिए एक लाख एक हजार की राशि दी जाएगी। जिसमें से 75% राशि विवाह के 3 दिन पूर्व मिलेगी।


लव मैरिज

# पलभर में उजड़ गए खुशहाल परिवार, नाबालिग भाई बना हत्यारा

- हत्या के बाद ऑटो में सवार होकर खुद थाने पहुंचकर किया सरेंडर

नरेश पंवार ▸▸| कैथल

कैथल में बुधवार को हुई ऑनर किलिंग में एक भाई ने अपनी ही बहन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यही नहीं उस ने बहन की सास और नंनद को भी गोली मारी गई। दोनों को गंभीर हालात के चलते उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया गया है। जहां सास को पेट में गोली लगी है तो वही नंनद की बाजू में गोली लगी है। हादसे के समय लव मैरिज करने वाला युवक घर पर नहीं था अन्यथा उसका भी बचना संभव नहीं था। खास बात यह भी रही कि युवक में प्रतिशोध की भावना इतनी ज्यादा थी कि उसने हत्याकांड को अंजाम देने के बावजूद भागने का प्रयास नहीं किया बल्कि ऑटो में सवार होकर खुद थाना शहर पहुंच गया तथा सरेंडर कर दिया। यही नहीं ऑटो में बैठकर युवक ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक वीडियो भी अपलोड की है। इसमें युवक द्वारा कहा गया है कि वह लव मैरिज करने वाले युवक को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगा। यदि किसी ने भी गुर्जर समाज की बेटी के साथ लव मैरिज की तो उसका भी यही अंजाम होगा। बता दें कि भाई बहन का पवित्र रिश्ता सदियों से चला आ रहा है। भाई को हमेशा बहन के रक्षक के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि राखी के दिन बहन भाई की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लेती है लेकिन कैथल में बुधवार को हादसे में सामने आया है कि एक बहन के लव मैरिज के गलत निर्णय से न केवल भाई को हत्यारा बनना पड़ा बल्कि दो हंसते खेलते परिवार भी उजड़ गए। ऐसा बताया जा रहा है कि की कोमल ने कैथल के युवक से अंतर्जातीय लव मैरिजकी थी। शुरुआती दौर से ही कोमल के परिजन अंतरजातिय विवाह के खिलाफ थे तथा उन्होंने कोमल को ऐसा करने से बार-बार मना किया लेकिन प्यार में अंधी हुई कोमल सारे समाज के बंधनों को लांग गई तथा उसने घर से फरार होकर फरवरी 2024 में शादी रचा ली। यही नहीं कोमल द्वारा परिजनों से जान का खतरा बात कर कोर्ट से सुरक्षा भी ली थी। कुछ समय के लिए कोमल चंडीगढ़ रहने के लिए चली गई थी लेकिन बाद में वह अपने परिवार के साथ कैथल की नानकपुरी कॉलोनी में रहने लगे। कोमल के भाई के दिल में प्रतिशोध की भावना सुलग रही थी। उसने लव मैरिज के दिन से ही कोमल व उसके परिवार को खत्म करने का फैसला लिया था। इसे लेकर उसने कोमल व उसके परिजनों के साथ प्यार जताया तथा उनके घर आने जाने लगा। ऐसा बताया जा रहा है कि कोमल के माता-पिता ने भी कोमल के यहां फोन किया तथा उसे अपना लिया था। किसी को भी ऐसा अंदेशा नहीं था कि कोमल का भाई इतने बड़े हादसे को अंजाम देगा लेकिन बुधवार को किशोर ने हत्याकांड को अंजाम दिया ये बात सामने आई है कि युवती के गलत फैसले से दो परिवार बे मौत काल के आगोश में समा गए।


शादी से संबंधित फाइल फोटो

### हत्याकांड के बाद भी कम नहीं हुई बदले की आग

युवक द्वारा अपनी बहन सहित तीन को गोली मारने के बावजूद भी उसकी बदले की भावना कम नहीं हुई। उसने इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाकर पोस्ट की गई है कि वह कोमल के पति को भी किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगा। जैसे ही वह जेल से बाहर आएगा तो उसका पहला निशाना वही होगा। यही नहीं उसने यह भी कहा है कि यदि कोई भी व्यक्ति गुर्जर समाज की बेटियों की तरफ आंख उठा कर देखेगा तो उनका भी यह इसी तरह का हाल करेगा।

### मांगों को लेकर विधायक लीलाराम को सौंपा ज्ञापन

**कैथल।** हरियाणा के रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर समय-समय पर हरियाणा सरकार को ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की जाती रही है कि रिटायर्ड कर्मियों की मांगों पर सरकार ध्यान दें और तुरंत उन कार्रवाई करे।लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते रिटायर्ड कर्मियों को इस उम्र में भी लगातार संघर्ष करके ही अपनी मांगों को लागू करवाने के लिए भी विवश होना पड़ रहा है। इसी आश्रय के तहत पिछले डेढ़ साल से रिटायर्ड कर्मी अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला स्तर पर, कमिश्नरी स्तर पर धरने देकर व राज्य स्तर पर 22 दिन भूख हड़ताल करके अपनी मांगों का ज्ञापन सरकार को सौंप चुके हैं परंतु लोकसभा चुनावों से पहले सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और संसदीय चुनाव में इसका खम्याजा सरकार को हरियाणा में 5 सीट गंवाकर भुगतना पड़ा। अब सरकार से पुनः संपर्क स्थापित कर अपनी मांगों को लागू करवाने के लिए रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा ने फिर नई शुरूआत की है।

## फर्जी दस्तावेज पर इंग्लैंड भेजकर हड़पे 18.27 लाख, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

- फीस जमा न होने पर युवक को वापस भेजा, स्टडी वीजा पर भेजा था इंग्लैंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

फर्जी दस्तावेजों पर इंग्लैंड भेज 18 लाख 27 हजार रुपये हडपने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाडे. का सहारा लेने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी जोगीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा पारस उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड जाने का इच्छुक था। जिसके चलते उसका संर्पक गांव सगा (करनाल) निवासी रजत की मार्फत गांव भादसो करनाल निवासी अभिषेक से हुआ। जिसने कॉलेज फीस समेत 20 लाख रुपये का खर्च बताया। जिसमे 18 लाख 27 हजार रुपये अभिषेक को दे दिए गए। गत तीन जनवरी को उसका बेटा पारस इंग्लैंड बुला लिया गया। वहां के विश्वविद्यालय ने उसके बेटे का फीस जमा न करवाने पर वापस भेज दिया। जिसके बारे में आरोपित ने कुछ इंतजाम करने के लिए कहा। बावजूद इसके अभिषेक ने कोई कदम नही उठाया। जब उन्होंने राशि के लिए दबाव डाला तो आरोपित ने राशि लौटाने से मना कर दिया। जांच मे सामने आया कि उच्च शिक्षा के लिए बीकॉम की डिग्री भी फर्जी लगाई गई है।

## नहर में मरी मुर्गियां, सड़े अंडे डालते दबोचा

- ग्रामीण मरी मुर्गियां-सड़े अंडों से भरा टैंपू ले एसडीएम दफ्तर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों

उपमंडल के गांव सिंघाना में देर रात ग्रामीणों ने एक मरी हुई मुर्गियों व सड़े हुए अंडों से भरा टैंपों गांव की नहर में डालते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। ग्रामीणों के द्वारा टैंपों को पकड़ने के बाद इसका चालक मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पाकर डायल 112 को दी। ग्रामीणों ने साफ किया कि जब तक संबंधित हैचरी वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक वे इस टैंपों को छोड़ने वाले नहीं हैं। बुधवार सुबह सिंघाना गांव के ग्रामीण पकड़े हुए टैंपों को लेकर नगर के एसडीएम कार्यालय में पहुंचे और एक ज्ञापन एसडीएम के पीए को सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव के पास हैचरियां हैं और उन हैचरियों में मरी हुई मुर्गियों व सड़े हुए अंडों को टैंपों में भरकर नहर में डाल दिया जाता है। इन मुर्गों व अंडों के कारण इस क्षेत्र में सैंकड़ों की तादाद में कुत्ते मंडराने लगे हैं। इन कुत्तों के कारण लोगों का रहना व यहां से निकलना दूभर हो गया है। कुत्ते अक्सर लोगों व राहगीरों को काट तो लेते ही है साथ ही साथ नहर में मुर्गे निकालकर उनके खेतों में ले जाते हैं और उनकी फसलों को तबाह कर देते हैं। इस प्रकार से गंदगी डालने के कारण पूरे गांव में भारी प्रदूषण फैला हुआ है और बड़ी बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। यह प्रक्रिया पिछले कई सालों से चली हुई है। वे प्रशासन को इस बारे में कई बार अवगत करवा चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब उन्होंने रात्रि में एक टैंपों को नहर में मरी मुर्गियों व सड़े हुए अंडों को डालते हुए पकड़ा है।


जींद। एसडीएम कार्यालय में पहुंचे सिंघाना गांव के ग्रामीण।

## 14 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त बरामद, तस्कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत पुलिस ने नशा तस्करों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार शिकंजा कसा जा रहा है। मुहिम तहत थाना गुहला पुलिस ने 14 किलो 80 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला पुलिस के एसआई सत्यवान की टीम को गश्त दौरान सुत्रो से एक गुप्त जानकारी मिली कि बाइक पर सवार होकर दो लड़के गुहला से भाटिया होते पंजाब की तरफ भारी मात्रा में डोडा पोस्त लेकर जा रहे हैं। अगर भाटिया बांध गुरुद्वारा पर नाकाबंदी करके दोनो को डोडा पोस्त सहित काबू किया जा सकता हैं। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए भाटिया बांध गुरुद्वारा के पास नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद बाइक पर आए दो संदिग्ध लड़को को टोर्च का इशारा देकर पुलिस टीम ने रुकने का ईशारा किया गया जो दोनो युवक एक प्लास्टिक कट्टा व बाइक को छोड़कर मौके से फरार हो गए। जांच दौरान प्लास्टिक कट्टे से 14 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज कर लिया गया।

### रात को बार-बार ट्रिप हो रही लाइन, आंखों में काटनी पड़ रही रात

# बिजली के कट- भीषण गर्मी ने किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

रात को बिजली कटों ने तो दिन में भीषण गर्मी ने लोगों बेहाल कर दिया। हालांकि दिन के तापमान मे गिरावट दर्ज की गई। बावजूद इसके दोपहर तक तेज हवा के साथ उड़ती धूल तो बाद मे गर्म हवा के थपेडों ने लोगों को परेशान किया। रात को भी काफी गर्मी रही। जिसके चलते बिजली लाइन बार बार ट्रिप होती रही। जिसके साथ बिजली के कट भी लगातार लगते रहे। बुधवार शाम को आकाश में जमा धूल के साथ आंशिक बादलावाई भी बनी रही। बुधवार को अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 23 प्रतिशत तथा हवा की गति 18 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। आकाश में बादल बने रहने रहने, बूंदाबांदी के साथ धूल भरी हवा चलने की संभावना है। रात के तापमान में बढौतरी होने के साथ बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई। जिसके साथ बिजली लाइन भी ट्रिप होने लगी। जिसके साथ बिजली के कट भी लगने शुरू हो गए। हर आधा घंटे के बाद बिजली के कट लगते रहे। जिसने लोगों की नींद मे खलल डाला। युवाओ ने तो किसी तरह रात काट ली लेकिन बुजुर्गो तथा बच्चो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार अल सुबह बिजली व्यवस्था कुछ हद तक सूचारू हो पाई। बुधवार को दिन का आगाज आग उगलते सूर्य के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ हवा तेज हो गई। जिसके साथ धूल भी उड़नी शुरू हो गई। जिसने लोगों को काफी परेशान किया। बाद में हवा की गति कम हुई तो वह काफी गर्म रही। शाम को फिर से हवा की गति कुछ तेज हुई।

### अच्छी बारिश की दरकार, मिले गर्मी से राहत

पिछले दो माह से गर्मी ने इस बार कोई कोर कसर नही छोड़ी हुई है। बारिश भी नही हुई है। भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। जिसका प्रभाव स्वास्थ्य पर ही नही फसलो पर भी देखने को मिल रहा है। फसलो की सिचाई के लिए ट्यूबवैलों का सहारा लेना पड रहा है। किसान आसमान की तरफ टकटकी लगा कर देख रहे है। अच्छी बारिश की दरकार है। ताकि भीष्ण गर्मी से राहत मिल सके ओर खेतों को पानी मिल सके। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि दो दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। धूल भरी हवा चलने की संभावना बनी है। कहीं-कहीं पर बूंदाबांदी भी होने की सभावना है। तापमान मे कुछ गिरावट आएगी। बावजूद इसके गर्मी से राहत के आसार नही है। किसान शाम को फसलो की सिंचाई करें।

## ताला तोड़ 12 लाख के जेवर व 60 हजार की नकदी चुराई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी

पूंडरी की चीमा कॉलोनी में बुधवार दोपहर को एक मकान में ताला तोड़कर के चोर लाखों रुपये के जेवर व नगदी ले गए। सुनील कुमार चीमा कॉलोनी निवासी ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि बुधवार दोपहर को वह अपने मकान का बाहर से लॉक लगा करके किसी काम से बाहर गए थे की चोर दीवार से अंदर कूदकर दरवाजों के ताले तोड़कर घर में रखें 10 से 12 लाख रुपए के जेवर 60 हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर गए। जब उसने घर आकर देखा तो मकान व अलमारी के ताले टूटे हुए थे और अलमारी का समान घर मे बिखरा हुआ पड़ा था। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सुनील ने बताया कि वह अपने गांव बरथल जिला करनाल से 6 वर्ष पहले चीमा कालोनी पूंडरी में मकान बनाकर रहने लगे थे। चोर घर में रखे लड़की व उसकी मां के सोने व चांदी के लगभग 10 से 12 लाख के जेवर व 60 हजार रुपए नकदी ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



## खबर संक्षेप

### उचानाः धरनास्थल पर महापंचायत 12 को

**उचाना।** आगामी 12 जुलाई को उचाना उपमंडल कार्यालय में चल रहे उचाना संयुक्त किसान, मजदूर मोर्चा के धरनास्थल पर महापंचायत आयोजित होगी। धरना संयोजक आजाद पालवां ने बताया कि महापंचायत का आयोजन भविष्य के होने वाले विस चुनाव को लेकर उचाना हलके से सांझा उम्मीदवार उतारे जाने को लेकर चर्चा की जाएगी।

### विभिन्न गांवों में पहुंचेंगे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह

**उचाना।** पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह हलके में तीन दिनों के दौरे के अंतिम दिन 20 जून को हलके के तीन गांव के दौरे करेंगे। डा. जुगमिंद्र कोच ने बताया कि चांदपुर, खेड़ी बुल्ला एवं पेगां गांव के दौरे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह करेंगे। यहां पुराने कार्यकर्ताओं से रूबरू होने के साथ-साथ नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। कालता, भौंसला, रोजखेड़ा, सुदकैन कलां, सुदकैन खुर्द एवं छात्तर गांव के वो कर चुके है।

### उचाना में आप निरंतर सक्रियता बढ़ा रही

**उचाना।** उचाना हलके में आम आदमी पार्टी निरंतर सक्रियता बढ़ा रही है। व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, हिसार लोकसभा उपाध्यक्ष राजरूप छात्तर सहित अन्य आप के नेता निरंतर हलके में सक्रियता बढ़ा रहे है। विस चुनाव को लेकर सभी दल तैयारी में जुट गए है। आप सभी 90 हलकों में चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद आप नेताओं ने भी हलके में सक्रिय हो गए है।

### महिला से अश्लील हरकत, मामला दर्ज

**जींद।** उचाना में महिला से अश हरकत करने तथा विरोध करने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देने पर उचाना थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उचाना थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया उसके पडोसी विक्की ने उसके साथ अश जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने उसे बुरा अजाम भूगतने की धमकी दी।

### 28 को जींद में होगा पेंशन आक्रोश मार्च

**जींद।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान और महिला विंग प्रधान अनुराधा गुप्ता ने कहा कि पूरे हरियाणा प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली के लिए पेंशन आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। सर्वप्रथम जींद जिला 28 जून को इसकी शुरुवात करेगा। आक्रोश मार्च बैरागी धर्मशाला सफीदों रोड जींद से शहीदी स्मारक जींद तक निकाला जाएगा।

### आवासीय खेल अकादमी के लिए ट्रायल 22 को

**जींद।** जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि 22 जून को नवदीप स्टेडियम नरवाना में एथलैटिक खेल की आवासीय खेल अकादमी के लिए 14 से 23 आयु वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल लिया जाएगा। जिसके बाद मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक व प्रतिभागिता तथा रा'य, जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाडियों का चयन किया जाएगा।

### लायंस क्लब लगाएगा ठंडे पानी की छबील

**उचाना।** शहर के रेलवे स्टेशन के पास लाला प्रभु दयाल चौधरी धर्मशाला के पास 21 जून को लायंस क्लब उचाना द्वारा ठंडे पानी की छबील लगाई जाएगी। हिसार लोकसभा से सांसद जयप्रकाश ठंडे पानी की छबील का शुभारंभ करेंगे। क्लब प्रधान रमेश गर्ग ने कहा कि सभी की सहमति से गर्मी के मौसम में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाने का फैसला लिया है।

### तरक्की से नही जलना चाहिए :साध्वी महिमाश्री

**उचाना।** उचानारू तेरापंथ भवन उचाना मंडी में प्रवचन करते हुए साध्वी महिमाश्री ने कहा कि जीवन में आज एक-दूसरे का सहयोग करने की बजाए लोग जलते 'यादा है। दुनिया में ऐसे लोग कम ही है जो दूसरे की तरक्की से खुश होते होंगे। एक-दूसरे की तरक्की से जलने वालों की संख्या आज के दौर में ज्यादा है।

---

#### राजबाहे का पानी खेतों में भरा

# कुदाली से राजबाहा की पटरी अज्ञात ने काटी

### राजबाहा का पानी खेतों में पहुंचा, सूचना पर अधिकारी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों





**सफीदों।** राजबाहे को मिट्टी के कट्टे डालकर पाटते हुए लोग व मौके पर पहुंचे किसान व अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

सफीदों के नजदीकी गांव सिंघपुरा में बह रहे राजबाहा नंबर 3 की पटरी को बुधवार सुबह अज्ञात लोगों ने बुधवार को काट दिया। परिणामस्वरूप राजबाहे का पानी खेतों में भरने लगा। खेतों में चारा लेने गए किसी ने इसकी सूचना किसानों को दी। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विभाग के अधिकारियों को सूचित करके राजबाहे का पानी पीछे से कम करवाया। सूचना पाकर मौके पर नहरी विभाग के जेई जयबीर मौके पर पहुंचे और राजबाहे के कट को जेसीबी के माध्यम से बंद करवाया। किसानों का आरोप था कि इस मामले में किसी शरारती तत्व का हाथ है और मौके से एक कुदाली भी बरामद हुई है। इससे पहले भी कई बार इस प्रकार के मामले यहां सामने आ चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह किसान खेतों में चारा लेने के लिए गए हुए थे। किसी ने देखा कि राजबाहे की पटरी में कट लगा हुआ है और भारी मात्रा में पानी बहकर खेतों में घुस रहा है। उसने इसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी।

सूचना पाकर काफी तादाद में आसपास के खेतों के किसान व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर मिट्टी के कट्टे भरकर राजबाहे के कट को भरने का प्रयास किया। वहीं इसकी सूचना नहरी विभाग को देकर पीछे से पानी कम करवाया। वहीं सूचना पाकर नहरी विभाग के जेई जयबीर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वहां का मुआयना किया। विभाग ने मौके पर जेसीबी मंगवाकर व मिट्टी से भरे कट्टे रखवाकर राजबाहे को बंद करवाया। राजबाहे के साथ लगे खेत के मालिक बादल ने बताया कि यह कार्य किन्ही शरारती तत्वों के द्वारा किया गया है। इससे पहले भी तीन से चार बार ऐसा हो चुका है। मौके से एक कुदाली भी बरामद हुई है। इस कुदाली की मदद से उन लोगों ने राजबाहे की पक्की कंकरीट की पांच इंची मोटी परत को तोड़ा गया है। यह कार्य किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि इसमें कई लोग शामिल हैं और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। किसान बादल का कहना है कि अगर समय रहते इस बात का पता ना चलता तो पूरा सिंघपुरा गांव डूब सकता था और आसपास स्थित हैचरियों व गोदामों में भी भारी नुकसान हो सकता था। इस मामले में नहरी विभाग के जेई जयबीर का कहना है कि इससे पहले भी इस प्रकार की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाई जाएगी।

---

# युवाओं ने दौड़ लगाकर दिया योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश

- आमजन में अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होना जरूर : एसडीएम राकेश सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में योग मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने दौड़ लगा कर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। फाईनल रिहर्सल चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुई। जिसमें एसडीएम राकेश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा योग मैराथन को डीएसपी रोहताश सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। मैराथन पुलिस लाईन से शुरु होकर एकलव्य स्टेडियम में संपन्न हुई। पॉयलट रिहर्सल में एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा मार्च पास्ट कर एसडीएम श्री सैनी को स्टेज तक लाया गया। मुख्यअतिथि द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्र'जवलन कर फाइनल रिहर्सल का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि आमजन में अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

### नीट पेपर लीक-धांधली के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**जींद।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नीट पेपर लीक धांधली को लेकर कार्यकर्ताओं ने रानी तालाब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष वजीर सिंह ढांडा ने किया। बाद में कार्यकर्ताओं ने मांगों को लेकर ज्ञापन डीसी को सौंपा और मांग की कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच करवाई जाए। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वजीर सिंह ढांडा ने कहा कि हाल ही में देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा नीट के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी ने देश के लाखों बच्चों का भरोसा तोड़ दिया है। बीजेपी सरकार में देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा पर भी सवालिया निशान लग गए हैं। लाखों बच्चे और अभिभावक इसकी वजह से मानसिक तनाव में हैं। 1583 बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिए गए और कई जगह से परीक्षा में गड़बड़ी की खबरें आने पर देश के लाखों बच्चों का भविष्य खतरे में है। 24 लाख बच्चों के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन पाने के लिए 12वीं के बच्चे प्री मेडिकल नीट एग्जाम देते हैं। नीट की परीक्षा देश के प्रतिष्ठित परीक्षाओं में गिना जाता है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं सुना गया कि पैसे देकर पीएमटी एग्जाम में अच्छे नंबर ला सकते हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार गुजरात के गोधरा, बिहार के पटना और उत्तर प्रदेश से परीक्षा में बड़े घोटाले की खबर आ रही है। बिहार पुलिस ने भी माना है कि नीट के प्रश्न पत्र के लिए छात्रों से 30 से 50 लाख रुपये लिए गए।

### नीट परीक्षा में धांधली के लिए सरकार जिम्मेदार : चौटाला

**जींद।** इनेलो प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार से हरियाणा प्रदेश की जनता परेशान हो चुकी है। जिसके कारण लोग लोकसभा चुनाव में दस की दस सीटें बीजेपी को हराने का मन बना चुके थे लेकिन कांग्रेस के स्वयंभू नेता व बीजेपी से अंदरूनी मिलीभगत के कारण बीजेपी पांच सीटें जीत पाई। इन्होंने आपस में फिफ्टी-फिफ्टी का समझौता किया हुआ था। इसी वजह से पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी ने सही उम्मीद्वारों का चयन नही किया और प्रत्यक्ष रूप से बीजेपी को फायदा पहुंचाने का काम किया। अन्यथा बीजेपी सरकार से प्रदेश की जनता इनकी जनविरोधी नीतियों के कारण तंग आ चुकी है ओर जो कांग्रेस पार्टी ने इन्हें पांच सीटों का जीवनदान दिया है, इसका परिणाम दोनों पार्टियों को अगामी विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा। अभय चौटाला बुधवार को जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अभय चौटाला ने कहा कि जो कांग्रेस सत्ता में आने की बात करती थी, आज उसमें भगदड़ मच गई है। पार्टी के बड़े-बड़े नेता पार्टी को छोड़ कर भाग रहे हैं।

---

# कल धूमधाम से मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



योग दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक करते संस्थान के पदाधिकारी।

भारतीय योग संस्थान श्री बनखंड महादेव जींद जिला इकाई की बैठक जिला प्रधान वीरेन्द्र गोयल की अध्यक्षता हुई। बैठक में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह धूमधाम से बनाने बारे विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता धर्मबीर दलाल, महिला जोन प्रधान कुसुम गुप्ता, महासचिव नवीन गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिच्छाराम जिंदल, संगठन मंत्री नवीन गर्ग आदि उपस्थित रहे। समारोह में प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। जिला प्रधान वीरेंद्र गोयल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 जून को रोहतक रोड पर श्री गुरु तेग बहादुर धर्मशाला में धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय योग संस्थान संस्थान के प्रदेश सह प्रवक्ता धर्मबीर दलाल द्वारा की जाएगी।

### बच्चों ने लगाई ठंडे पानी की छबील



**उचाना।** राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना मंडी के पास छोटे-छोटे बच्चों द्वारा ठंडे पानी की छबील लगाई गई। आने-जाने वाले राहगीरों को रूकवाकर ठंडा पानी पिलाया गया। आस.पास की दुकान-दुकान पर जाकर बच्चों ने दुकानदारोंए ग्राहकों को ठंडा पानी पिलाया। भावुक, रूद्र, दीक्षा, देव ने कहा कि गर्मी बढ़ रही है। ऐसे में आने-जाने वालों को पानी पिलाया। ठंडा मीठा पानी लोगों को पिलाने के साथ-साथ डिस्पोजल गिलासों को गत्ते के डिब्बे में डाला गया ताकि डिस्पोजल गिलास आसपास में न बिखरे।

---

# दो विभागों के बीच लंबे समय से लटकी पड़ी नाले की सफाई

- एंटी करप्शन सोसायटी ऑफ इंडिया ने सीएम विंडो पर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** ओवरफ्लो नाले व जानकारी देते धर्मेंद्र बत्तरा।



पटियाला चौक पर बने ओवरब्रिज के दोनों ओर नाले की सफाई दो विभागों के बीच लंबे समय से लटकी पड़ी है। अब 2024 का वर्षा तु का समय आ गया है लेकिन प्रशासन का इस और कोई ध्यान नही है। इसकी शिकायत जींद की जागरूक संस्था एन्टी करप्शन सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा सीएम विंडों पर 2020 से लगातार उठाई जा रही है लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नही हुई। नप अपना पल्ला झाड़ कर लोक निर्माण विभाग जींद की जिम्मेवारी बता रहा देता है और लोक निर्माण ने भी आजतक कोई कार्यवाही नही की है। एक तरफ तो सरकार स्वच्छ भारत का नारा दे रही है और दूसरी और दो विभागों के कर्मचारी, अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है। संस्था के निदेशक डा. धर्मेन्द्र सिंह बत्तरा ने ेिलबताया कि वर्ष 2014 में जब से नाले बनाए गए हैं, इनकी एक बार भी सही तरीके से सफाई नही की गई है। थोडी सी बरसात आते ही गलियों में पानी खड़ा हो जाता है और जनजीवन बीमारियों का शिकार हो जाता है। यदि नालों की सही तरीके से सफाई हो जाए तो पानी सड़क व गलियों में नही खड़ा हो सकता। प्रशासन से हम बार बार मांग करते हैं कि इसको गम्भीरता से लेकर इसकी जिम्मेदारी निर्धारित करे।

---



आर्य समाज परिसर में योग करवाते योगाचार्य। *फोटो : हरिभूमि*

### योग स्वस्थ स्वास्थ्य की चाबी : महेंद्र खापड़

**उचाना।** शहर के आर्य समाज परिसर में निरंतर चल रहे योग शिविर में लोगों को योग के फायदों के बारे में बताया जा रहा है। योगाचार्य महेंद्र सिंह, सन्नी एडवोकेट द्वारा योग क्रियाओं के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। महेंद्र खापड़ ने कहा कि निरंतर लोगों में योग को लेकर रूझान हो रहा है। 100 से अधिक योग साधक अब योग करने के लिए सुबह आते है। शरीर को स्वस्थ रखना है तो योग से बड़ा कोई उपाय नहीं है। निरंतर जो योग करता है पूरा दिन उसका दिमाग तरोताजा रहता है तो शरीर बीमारी मुक्त रहता है। योग करने वाले के नजदीकी बीमारी नहीं आती है। स्वस्थ स्वास्थ्य की चॉबी योग है।

---

# राहुल धरातल से जुड़े नेता : बेलरखां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



राहुल गांधी का जन्म दिन मनाते अमनदीप बेलरखां। *फोटो : हरिभूमि*

युवा कांग्रेस द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन बुधवार को झुग्गी, झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ मनाया गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस द्वारा बच्चों के साथ केक काटा गया और फल वितरित किए गए। हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह बेलरखां ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक युवा होने के साथ साथ धरातल से जुड़े हुए नेता हैं। राहुल गांधी भारतीय संविधान के लोकाचार को बनाए रखने और भारतीय लोकतंत्र को सांप्रदायिक फासीवादी और गरीब विरोधी ताकतों से बचाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। जींद युवा कांग्रेस अध्यक्ष सूरज रेढ़ू उर्फ मोनू कंडेला ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश को अपने कदमों से नाप कर न्याय, एकता और मोहब्बत का संदेश दिया है। राहुल गांधी हमेशा तमाम विषमताओं ओर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, अपने विचारों पर चट्टान के समान अडिग रहे हैं। राहुल गांधी का जुनून, धैर्य और समर्पण सभी युवाओं के लिए सबसे बड़ी ताकत है। हरियाणा युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव गौरव ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा न्याय के पथ पर हमारा मार्गदर्शन करते रहे हैं। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला महासचिव अमित हुड्डा, गौरव गोडवाल, सुरेश, प्रवीण वशिष्ठ, संदीप और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राहुल गांधी के जन्म दिन पर लगाई गई छबील। *फोटो : हरिभूमि*

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर लगाई ठंडे पानी की छबील

**उचाना।** कांग्रेस नता राहुल गांधी के जन्म दिन पर युवा कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नजदीकी साथी नसीब पालवां द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। नसीब पालवां ने कहा कि देश के हितों की आवाज को निरंतर राहुल गांधी उठा रहे है। भगवान से उनकी लंबी उम्र की कामना के साथ राहगीरों के लिए ठंडे पानी की छबील लगाई गई। राहुल गांधी ने जो यात्रा निकाली थी उस यात्रा का असर रहा था भाजपा को लोकसभा चुनाव में अकेले बहुमत तक नहीं मिला। काफी सीटें ऐसी रही जहां बहुमत कम अंतर से भाजपा जीती है। इस मौके मंजीत पालवां, मोहित नैन, सोमबीर चहल, राममेहर करसिंधु, धोला ठेकेदार मौजूद रहे।

---

#### कांग्रेस की सरकार आने पर सरपंचों के अधिकार होंगे बहालः ब्रह्मचारी

# जींद ब्लॉक के सरपंचों ने सांसद का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सम्मान समारोह में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और जींद ब्लॉक के सरपंच।

देश की रीढ़ माने जाने वाले अन्नदाताओं के हितो के लिए सड़क से संसद तक आवाज बुलंद करूंगा। यदि गूंगी-बहरी और दमनकारी सरकार ने अनदेखी की तो हर संघर्ष से गुजरने का काम करूंगा। ये वक्तव्य सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने बुधवार को विजय नगर स्थित दीपक पिंडारा के फार्म हाउस पर जींद के सरपंचो द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते कहे। समारोह में जींद ब्लॉक के ज्यादातर सरपंचो ने सांसद ब्रह्मचारी का फूलों की मालाओं से स्वागत करते हुए जन हित में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने गांव के मुखियाओं यानि सरपंचों के अधिकारों पर कैंची चलाकर ग्रामीण आंचल के विकास को बाधित किया है। इससे साफ है कि भाजपा सरकार अन्नदाताओं के हितो में रूचि नहीं रखती। किंतु आगामी तीन माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश के अंदर कांग्रेस की सरकार आने पर ग्रामीण आंचल में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सरपंचो के अधिकार बहाल किये जाएगें, ताकि ग्रामीण आंचल में विकास हो सके। इस मौके पर उन्होनें कहा कि 22 जून को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जींद में धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करेगें। लोकसभा चुनाव में लोगों ने हाथ का साथ पकड़कर जो संकेत दिये है, उसके नतीजन तीन माह बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

**ये रहे मौजूदः** सरपंच एसो. जींद ब्लॉक के प्रधान प्रतिनिधि अनूप कंडेला, उपप्रधान नरेश भुक्कल जुलानी, हैबतपुर सरपंच रिषीपाल, पिंडारा सरपंच कुलदीप मलिक, अहिरका सरपंच प्रतिनिधि संदीप पुनिया, आसन सरपंच दिनेश, रूपगढ़ सरपंच दीपक, श्रीराग खेड़ा सरपंच जितेंद्र, तलोडा सरपंच राजसिंह, धौड़ी सरपंच रामप्रसाद, रामराय खेड़ा सरपंच हितेंद्र, माडो खेड़ी सरपंच अनिल, सिंधवी खेड़ा सरपंच अमित, शाहपुर सरपंच जयपाल, बड़ौदी सरपंच अजित, बीबीपुर सरपंच सुखबीर, रामगढ़ सरपंच सुंदर, खेड़ी तलोडा सरपंच अमित, जाजवान सरपंच कृष्ण, ललित खेड़ा सरपंच जोगेंद्र, आसन सरपंच दिनेश, दरियावाला सरपंच बलजीत, बरसाना सरपंच भूपेंद्र, किशनपुरा सरपंच मनजीत, लोहचब सरपंच मुकेश, झांझ खुर्द सरपंच लीला, खोखरी सरपंच संदीप, खरकरामजी सरपंच सुरेंद्र, जीतगढ़ सरपंच सूरज, रूपगढ़ सरपंच दीपक सहित शिवनारायण शर्मा, जगदीश गोयत, पार्षद मुकेश चहल, ईशाक बट्टी सहित अनेकों प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

---



श्याम मंदिर में महिलाओं को सकोरे बांटते समाजसेविका डा. हर्षिता अहलावत।

### जीव सेवा ही नारायण सेवा : डॉ. हर्षिता

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में बेजुबान पक्षियों को बचाने के लिए समाजसेविका डा. हर्षिता अहलावत ने श्याम मंदिर में महिलाओं को 125 मिट्टी के सकोरे बांटे हैं। महिलाओं को संबोधित करते हुए डा. हर्षिता अहलावत ने कहा कि पानी के बिना प्यास से काफी संख्या में पक्षी मर जाते हैं। बेजुबान पक्षियों को बचाने के लिए सभी को अपने घरों में बालकनी, पेड़ों के आस पास पानी के लिए सकोरे बांधने चाहिए ताकि बेजुबान पक्षियों को बचाया जा सके। पानी के साथ पक्षियों के लिए दाने चोगे का भी प्रबंध करना चाहिए। पहले ही काफी पक्षियों की प्रजातियां लुप्त हो रही हैं। इसी को लेकर आमजन को चाहिए कि वो पक्षियों को बचाने के लिए कदम उठाने चाहिए। डा. योगेश नांदल, विनय मलिक, बिरेंद्र लाठर, देवेंद्र लाठर आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### सिलाई का गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर आज से

**राजौंद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग द्वारा 30 दिन का महिला सिलाई का गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर आज 20 जून से शुरू होगा। निर्देश धर्मेंद्र कथूरिया ने बताया कि ये प्रशिक्षण पूर्ण रूप से निशुल्क रहेगा। साथ ही संस्थान की तरफ से वातानुकूलित पर्यावरण में दोपहर का खाना, चाय और ड्रेस भी निशुल्क मुहैया करवाई जाएगी।

### नहरी खाले की ईंट चुराई, एक नामजद

**कैथल।** कलायत पुलिस ने नहरी विभाग के पक्के खाले की ईंटें चुराने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नहर विभाग सब डिवीजन नरवाना के एसडीओ राकेश मित्तल ने अपनी शिकायत में रोक लगाया है कि गांव कुराड के बलिंदर ने नहरी विभाग के पक्के खाले की ईंटें चुरा ली।

### मारपीट में एक घायल, केस दर्ज

**कैथल।** गुहला पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। लदाना चक्कू के ईश्वर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 जून को पाली, कृष्ण व एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर उसे पर लाठी व डंडों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। हेड कांस्टेबल बजिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कल अतिरिक्त अनाज मंडी में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : एसडीएम

# योग से जीवन में नई ऊर्जा का संचार और समग्र विकास

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल अतिरिक्त अनाज मंडी कैथल में हुई संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि योग स्वास्थ्य के साथ-साथ जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है। योग से समाज में बदलाव आता है। योग के माध्यम से समाज में शांति एवं सामंजस्य बढ़ता है,मानव जीवन में योग के प्रभाव से रोगों में लाभ मिलता है व मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि 21 जून को सुबह 6 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा, आमजन इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने बुधवार को अतिरिक्त अनाज मंडी कैथल में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के उपरांत योग मैराथन का आयोजन किया गया, जिसको एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल में सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण डॉ. एच.एस. हुड्डा योग विशेषज्ञ जिला नागरिक हस्पताल कैथल द्वारा करवाया गया। यौगिक अभ्यास में प्रथम चरण में सर्वाइकल, थायरॉयड हेतु ग्रीवा संचालन के 4 अभ्यास, फ्रोजन सोल्डर के लिए स्कंद संचालन,कटी एवं घुटने के सूक्ष्म अभ्यास, आसनों के द्वितीय चरण में खड़े होने वाले आसन में ताड़ासन, वृक्षासन, पादाहस्तासन, अर्ध- चक्रासन, त्रिकोणासन बैठने वाले आसनों में सम स्थिति हेतु दंडासन, भद्रासन,वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, पूर्ण उष्ट्रासन, उतान मंडूकासन, शुगर के मरीज के लिए ,वक्रासन, कमर दर्द के लिए मकरासन, भुजंगासन, शलभासन आदि का अभ्यास, पीठ के बल लेटने वाले आसनों में सेतुबंधासन, उतानपादासन, अर्ध-हलासन, गैस, अफरा आदि को दूर करने के लिए पवन मुक्तासन,अंत में शवासन के द्वारा शरीर को पूर्ण विश्राम दिया जाता है। तृतीय चरण शोधन क्रिया में कपालभाति की 3 बार 20 आवृति,नाड़ी को शुद्ध करने हेतु प्राणायाम में अनुलोम विलोम एवं भीषण गर्मी से बचाव एवं हाइपरटेंशन के लिए शीतली प्राणायाम व भ्रामरी प्राणायामों का अभ्यास करवाया गया। चौथे चरण में मानसिक,आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक विकास के लिए ध्यान का अभ्यास करवाया गया। संकल्प एवं शांति पाठ के साथ प्रशिक्षण संपन्न हुआ। योग प्रदर्शन में आयुष योग सहायक वीरेंद्र आर्य, रेखा देवी, संदीप सिंह,सीमा कुमारी ने करवाया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ प्रतिभा भाटिया ने कहा की 21 जून को सुबह 6 से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से जिला एवम 6 ब्लॉक स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इस दिवस पर शामिल होकर योग क्रियाएं करें ताकि उनका शरीर स्वस्थ रहे और जीवन में खुशी मिले। रोडवेज महा प्रबंधक कमलजीत सिंह, जिला खेल अधिकारी देवेंद्र आदि मौजूद रहे।



**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा करते साधक। *फोटो : हरिभूमि*

### योग साधकों ने की पायलट रिहर्सल

**राजौंद।** राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की पायलट रिहर्सल राजौंद अनाज मंडी में बुधवार को सुबह आयोजित की गई। 21 जून को योग दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए यह अभ्यास योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर शिव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। योग दिवस को सफल करने के लिए राजौंद अनाज मंडी में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोटोकॉल अनुसार योग का अभ्यास करवाया गया। जितेंद्र कुमार ने बड़े सुंदर और प्रभावी ढंग से योग साधकों को जानकारी दी इस दौरान चक्रासन, हस्त पद आसान,त्रिकोणासन, ताड़ासन सहित कई अन्य आसनों को करने की विधि और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया।

# योग दिवस के लिए पायलट रिहर्सल

- ब्लॉक सीवन में योग दिवस मनाने की तैयारी पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने हेतु व योग को घर-घर पहुंचाने हेतु आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग वचनबद्ध है। जिसके तहत ब्लॉक सीवन में योग दिवस मनाने की तैयारी पुरी की जा चुकी हैं। नायब तहसीलदार मीनू कौशिक, प्रधानाचार्य सुदर्शन शर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। सीवन खंड में भी यह कार्यक्रम धूम धाम से मनाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं। इसी कड़ी में बुधवार को पायलट रिहर्सल की गई है। इस अवसर पर फार्मासिस्ट सुखपाल सिंह, डॉ. संदीप मेहता, फार्मासिस्ट नेहा, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय से जयपाल, पवन , योग सहायक सतविंदर सिंह, सत्यवान, सोहनलाल व नीलम ने योग पायलट रिहर्सल करवाई।



**सीवन।** पायलट रिहर्सल में योग करते साधक। *फोटो : हरिभूमि*

### राजौंद: योग साधकों ने की पायलट रिहर्सल

**राजौंद।** राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की पायलट रिहर्सल राजौंद अनाज मंडी में बुधवार को सुबह आयोजित की गई । 21 जून को योग दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए अभ्यास योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉक्टर शिव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। योग दिवस को सफल करने के लिए राजौंद अनाज मंडी में शिविर का आयोजन किया। जिसमें प्रोटोकॉल अनुसार योग का अभ्यास करवाया गया। जितेंद्र कुमार ने बड़े सुंदर और प्रभावी ढंग से योग साधकों को जानकारी दी इस दौरान चक्रासन, हस्त पद आसान,त्रिकोणासन, ताड़ासन सहित कई अन्य आसनों को करने की विधि और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया। डॉक्टर शिव कुमार ने बताया इस आधुनिक युग में अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए और बीमारियों से बचने के लिए योग और प्राणायाम की बहुत ही जरूरी है।



**कैथल।** जेल में बंदियों को योग करवाते योगाचार्य रामचरण व अन्य।

### पतंजलि योगपीठ ने जिला कारागार के बंदियों को करवाया योग

**कैथल।** बुधवार को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में जिला कारागार कैथल में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जेल अधीक्षक अशोक कंबोज व उप अधीक्षक सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पूरा योग प्रोटोकॉल करवाया गया। योगी रामचरण ने सभी आसन प्राणायाम जोगिंग-जोगिंग सूर्य नमस्कार वह सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया व बताया कि डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सुरेंद्र कुमार का योग के प्रति बड़ा भाव रहता है। वह बीच-बीच में भी जेल में योग सेशन करवाते रहते हैं। राम चरण ने कहा कि योग एक जीवन शैली है। योग से हमारे शारीरिक मानसिक व आध्यात्मिक विकास होता है। योग सार्वभौमिकसर्वकालिक सार्वजनिन महत्व की ऋषि मुनियों की एक अनमोल विरासत है। कर्म करने में सबसे बड़ी कुशलता ही योग है। योग को अपने जीवन में अपनाने से बंधन स्वभाव वाले कर्म भी योगी को बंधन में नहीं बांध पाते हैं। शुद्ध ज्ञान शुद्ध कर्म एवं शुद्ध उपासना अर्थात ज्ञान योग कर्म योग भक्ति योग यह योग की त्रिवेणी है।

# पीपीपी स्कीम को लेकर एसयूसीआई कम्यूनिस्ट पार्टी ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि परिवार पहचान पत्र ( पी पी पी) की स्कीम को मुक्कमल तौर वापिस लिया जाए। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कॉमरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि परिवार पहचान पत्र बनाने के पीछे सरकार की जो दलीलें है, वे पूर्णतया थोथी है। सरकार ने परिवार पहचान पत्र को परिवार की आय के साथ जोड़ रखा है जबकि परिवार के सदस्यों की विशेष तौर पर किसान , दिहाड़ी मजदूरी, कच्ची नौकरी करने वालो की आय निश्चित नहीं है,लगातार उतार चढ़ाव आते रहते है। बढ़ती महंगाई के कारण वास्तविक आमदनी लगातार कम हो रही है। इसलिए आय से जोड़कर गरीब किसान मजदूरों को सरकारी नीतियों से मिलने वाले हित लाभ से वंचित करने का नाम ही परिवार पहचान पत्र है। जिसको किसी भी तरह जायज नहीं ठहराया जा सकता। जनजीवन का इस स्कीम से कोई वास्ता नहीं है।जनता को दुखी करने के इलावा इसका कोई मतलब नहीं है।आधार कार्ड को यूनिक आई डी बताते हुए इसे लागू किया था।जब आधार कार्ड यूनिक आई डी है तो इसे परिवार की यूनिक आई डी बनाने की क्या जरूरत है। अब परिवार पहचान पत्र को हर सरकारी ,अर्ध सरकारी काम के लिए प्रयोग में लाने की सरकार योजना बना चुकी है। यह सर्व विदित है कि परिवार पहचान पत्र में व्यापक स्तर पर गड़बड़ है। जिसको सरकार खुद मान कर चल रही है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल में आज

- भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने किया वृंदावन गार्डन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वृंदावन गार्डन ढांड रोड कैथल में जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दौरे को लेकर कार्यस्थल का निरीक्षण किया। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने व्यवस्थायो को लेकर कार्यकर्ताओं को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कल 20 जून 2024 को हरियाणा प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वृंदावन गार्डन ढांड रोड पर कैथल जिले के सभी त्रिदेव बूथ अध्यक्षों की एवम उसके उपर के पदाधिकारियों की, सभी सरपंचों एवम जिला पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल जिले के सभी कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देंगे जिस लगन और मेहनत से कार्यकर्ताओं ने कुरूक्षेत्र लोकसभा में अपनी जीत की भूमिका निभाई है वो कबीले तारीफ है। उन्होंने आगे कहा की भाजपा का कार्यकर्ता जीत से इतना उत्साहित है की आने वाले विधानसभा चुनावों में वो इससे और अधिक मेहनत से बड़े मार्जन से जीत दर्ज़ करवाएगा। भाजपा ने आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पहले ही अपनी तयारी पूरी कर रखी है। विपक्ष तो अभी तक अपना संगठन भी नही बना पाया। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है इस लिए वो जनता को बरगलाने के लिए हर रोज नए नए हथकंडे अपना रहा है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कैथल के साथ गहरा नाता है जिस प्रकार जिले के कार्यकर्ता उनके मिलनसार स्वभाव से प्रभावित है । इसीलिए मुख्यमंत्री के आने पर कार्यकर्ता बेहद उत्साहित है और मुख्यमंत्री का स्वागत करने की तयारी में है। मनीष कठवाड़, सुरेश संधू, राजेश शर्मा पिंटू, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन मौजूद रहे।



**कैथल।** भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर वृंदावन गार्डन का दौरा करते हुए।

### तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव हर्ष-उल्लास के साथ मनाया

**कलायत।** कलायत के आदर्श गांव बालू स्थित सिद्ध बाबा राजपुरी डेरा में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव हर्ष-उल्लास के साथ संपन्न हो गया। प्रदेश भर से संत- महंत श्रद्धालुओं के साथ भंडारे का हिस्सा बने। साधु संतों ने कहा कि हर वर्ष डेरा का उत्सव व भंडारे का आयोजन ज्येष्ठ मास की दसवीं से शुरू होता है। इसका समापन द्वादशी के दिन होता है। इसके साथ ही 41 दिन से डेरा में बाबा मथुरा पुरी द्वारा पर्यावरण संतुलन के प्रति आम जन को प्रेरित करने के लिए जारी पंच धूनी तपस्या भी संपूर्ण हो गई। भीष्ण गर्मी के बीच जलते हुए पांच धूणों के बीच तपस्या कर बाबा ने हठयोग को पूरा किया। तीन दिवसीय उत्सव में हवन यज्ञ व धार्मिक अनुष्ठान हुए। महंत अशोक पुरी ने बताया कि दशकों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए तीन दिन के धार्मिक उत्सव में पूरे गांव का सहयोग लिया जाता है। बालू गांव ही नहीं बल्कि प्रदेश के कोने-कोने से लोग धार्मिक अनुष्ठानों व भंडारे में शामिल होते हैं। महंत मथुरा पुरी, नरेश पुरी व बाबा राणा नाथ ने बताया कि भंडारे में बड़ी संख्या में संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। संत-महंतों के प्रसाद ग्रहण करने के बाद गृहस्थों ने भंडारे में भोजन ग्रहण किया।

# प्रदेश में इनेलो की बनेगी सरकार : अभय

- लोकसभा चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इनेलो के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो कार्यकर्ता ने लोकसभा चुनाव में जो काम किया वह काबिले तारीफ है। इसी का परिणाम है कि इनेलो कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन को सही जगह दिखाने का काम किया। लोकसभा चुनाव के बाद आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में अभय चौटाला ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में खूब मेहनत की। इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। इतनी गर्मी में इस बैठक में पहुंचें कार्यकर्ताओं का हौसला बताता है कि आने वाला समय इनेलो का है। इनेलो के बिना हरियाणा में कोई सरकार नहीं बन पाएगी। यदि ऐसी स्थिति आई तो इनेलो अपनी ही सरकार बनाएगी। इसके लिए कार्यकर्ता आगामी तीन माह कड़ी मेहनत करें और लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में लोगों ने भाजपा को हराने के लिए इंडिया गठबंधन को विजयी बनाया। हरियाणा की दस की दस सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ता, लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा लंबे समय से भाजपा के साथ मिला हुआ है। उसी के चलते भाजपा पांच सीटें जीतने में सफल रही। यदि भाजपा की पांच सीटें ओर कम हो जाती तो निश्चित तौर पर भाजपा को अब सत्ता में सरकार के लिए ज्यादा जोर लगाना पड़ता लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा भाजपा को जितवाने में लगे हुए हैं।



**कैथल।** विधायक अभय चौटाला कार्यकर्ताओं से बातचीत करते ।

### पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की कारगिल विजय सिल्वर जुबली आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय सिल्वर जुबली को लेकर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल द्वारा आज 20 जून को सुबह 9 बजे हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डे पर आयोजन किया जा रहा हैं। इसकी जानकारी राजौंद में शहीद सिपाही सिया राम के स्मारक का निरीक्षण करने आए पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने दी। उन्होंने कहा कि मीटिंग का एजेंडा कारगिल विजय सिल्वर जुबली तिरंगा रथ यात्रा जो 10 मई से सिरसा से चलकर कारगिल युद्ध के जांबाज योद्धाओं जिन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। स्मारकों पर से होते उन्हें श्रद्धांजलि देते और उनके स्मारकों पर तिरंगा झंडा लगाते पूरे हरियाणा के 74 सर्वोच्च बलिदानों को सलामी दे कर 22 जून को हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल पर पहुंचकर यहां पर कारगिल विजय सिल्वर जुबली के आयोजन में शामिल होंगे।



**राजौंद।** सरकारी स्कूल में शहीद का स्मारक बनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# नशा बेचने वालों की सूचना दें: डीएसपी

- नशे से होने वाले दुष्प्रभाव व बचाव बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल पुलिस द्वारा एसपी उपासना के कुशल मार्गदर्शन में 12 जून से 26 जून 2024 तक नशा मुक्त भारत पखवाडा अर्न्तगत नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला पुलिस की सभी थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरूक कर रही हैं। इसी कड़ी में जिला कैथल से नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव टीम ने गांव खरौदी, हेमु माजरा, भाटिया, मलिकपुर, दाबा,सिंह, हरिगढ किंगन, सेगा, नरड़, काकौत तथा में विभिन्न स्थानो पर 20 प्रोग्राम दौरान आमजन, माता-पिता व उनके बच्चों से मिलकर नशे से बचने हेतु जागरूक किया साथ ही उन्हें नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई तथा नशा तस्करो पर प्रहार करने के लिए पुलिस कि मदद करने के संबंध में प्रेरित किया। जो बुधवार को करीब 3000 लोगों को नशा ना करने तथा नशा के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया गया।

डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम द्वारा आम जन को नशे से होने वाली हानि व खेल से होने वाले लाभ के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्हें बताया कि हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। नशा हमारे जीवन को धीरे-धीरे अंधकार की ओर ले जाता है।



**कैथल।** डीएसपी कुलदीप बेनीवाल युवाओं को जागरूक करते हुए।




**कैथल।** किसानों को संबोधित करते डा. रमेश वर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

### धान की सीधी बिजाई वरदान: डा. वर्मा

**कैथल।** धान की सीधी बिजाई कैथल जिले के किसानों के लिए वरदान है तथा इसमें पैदावर में कोई कमी नहीं आती तथा पानी की बचत भी होती हैं। जो दिनो दिन कम होता जा रहा है। उपरोक्त विचार डा. रमेश वर्मा मुख्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र,कैथल द्वारा प्रगतिशील किसान कल्ब की मासिक बैठक में कहे। चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विष्वविद्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र,कैथल द्वारा किसानों के धान की सीधी बिजाई पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक डा. अमित कुमार ने उपस्थित किसानों को धान की सीधी बिजाई की वैज्ञानिक विधि के बारे में अवगत कराया। डा. अमित कुमार ने बताया कि धान की सीधी बिजाई के खेत की लेजर लेवलिंग बहुत ही आवष्यक हैं। डा. जसबीर सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र,कैथल ने रोपित धान के बारे में जानकारी दी। उन्होने किसानों को बताया कि धान की रोपाई का सीजन पूरे जोरो पर है। किसान धान में खाद व दवाईयों का अन्धाधुंध प्रयोग न करे।

**मंदिर कमेटी सदस्यों ने बाबा श्याम का चित्र किया भेंट**

# अग्रवाल पंचायत ने सिसला धाम पर लगाई छबील व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में अग्रवाल पंचायत के सदस्यों ने श्री खाटू श्याम मंदिर सिसला धाम पर ठंडे पानी की छबील व भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पंचायत के चेयरमैन सतीश हजवाना मौजूद रहे। इस नेक कार्य के लिए मंदिर के कमेटी सदस्यों ने अग्रवाल पंचायत सदस्यों को बाबा श्याम का चित्र भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात पूंडरी अनाज मंडी में बातचीत करते हुए सतीश हजवाणा ने कहा कि अग्रवाल पंचायत समाज को संगठित करने और समाज के लोगों के दुख-सुख साझा करने के अलावा सामाजिक कार्य भी समय-समय पर करती रहती है। उन्होंने अग्रवाल समाज के लोगों से भी आह्वान किया कि कोई भी समाज का व्यक्ति अगर किसी भी कारण से परेशान और किसी समस्या में है तो वह उनसे संपर्क करें। उसकी समस्या का समाधान समाज के सहयोग से करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्रवाल पंचायत समाज के ऐसे युवाओं को भी प्रोत्साहित करने का काम करेगी जो किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक या अन्य कारण से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। अग्रवाल पंचायत समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का भी काम कर रही है। विरेंद्र गोयल, महासचिव विनोद बंसल, सुरेश गोयल, संदीप सिंगला, अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष मुनीष मितल, प्रवीण गर्ग, कोषाध्यक्ष सुनील सिंगला, सतपाल भी मौजूद रहे।



अग्रवाल पंचायत सदस्यों को बाबा श्याम का चित्र भेंट करते मंदिर कमेटी सदस्य।



### छबील लगाकर पिलाया शीतल जल

**सीवन।** गर्मी के मौसम में आने जाने वाले राहगीरों को राहत दिलाने के लिए सीवन के शांति मोहल्ला के निवासियों ने छबील का आयोजन किया। इस अवसर पर युवाओं ने आने जाने वाले सभी लोगों को रोक कर उन्हें छबील का ठंडा व मीठा जल पिलाया। समाज सेवी अभिषेक मेहता ने बताया कि गर्मी के मौसम में यदि किसी को पानी मिल जाए तो वह भी अमृत के समान लगता है। ऐसे में गर्मी में किसी के लिए छबील लगाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

## खबर संक्षेप



### सांड ने बाजार में मचाया आतंक, लोगों पर हमला

**सीवन।** सीवन के मेंन बाजार में एक सांड ने आतंक मचा दिया। बुधवार को दोपहर के समय एक सांड ने अचानक से आने जाने वाले लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। इतने से सांड का मन नहीं भरा तो उसने वाहनों पर हमला कर दिया। गली में खड़ी मोटरसाइकिल व कारों को भी सांड ने काफी नुकसान पहुंचाया। बाजार में खड़ी एक कार पर तो सांड का गुस्सा इतना भारी पड़ा कि उसने कार को कई बार उठा कर पटका। सांड का गुस्सा देख कर कोई भी दुकानदार अपनी दुकान से नहीं निकला।

### भाजपा काम करने में करती है विश्वासः संदीप

**उचाना।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप घोघडिय़ा ने कहा कि हर वर्ग के हित भाजपा में सुरक्षित है। हर वर्ग के हितों के लिए भाजपा कार्य कर रही है। बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने का काम भाजपा ने किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने जो किसान निधि बनाई है वो किसानों के लिए वरदान साबित होगी। किसान को आर्थिक रूप से मजबूत किसान निधि करेंगी। ऐसे ही फसल बीमा किसान हित में बड़ा कदम है। गरीबों को 100-100 गज के मुफ्त प्लाट देना शामिल है।

### इंडोर स्टेडियम में होगी स्तरीय कुश्ती प्रतियोगित

**कैथल।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि सैक्टर 21 स्थित सर छोटू राम इंडोर स्टेडियम में 24 व 25 जून को पुरुष व महिला वर्ग में जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता, जिला कुमार व जिला केसरी दंगल का आयोजन करवाया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जो पहलवान विजेता होंगे, वे राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा, कुमार एवं केसरी दंगल में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में जिला कैथल में स्थापित विभागीय प्रशिक्षकों के कुश्ती केंद्रों, निजी कुश्ती प्रशिक्षण केंद्रो व अन्य हिस्सा लेंगे।

### अश्लील वीडियो बनाकर किशोरी से छेड़छाड़

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने एक किशोरी की अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गुरप्रीत नामक युवक ने धोखे से उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब उस द्वारा उसका विरोध किया गया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में तीन नामजद

**कैथल।** पुंडरी पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बलकार कॉलोनी पूंडरी की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व अमित के साथ रीति रिवाज में हुई थी। आरोप है की शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज भी दिया था लेकिन इसके बावजूद उसके ससुराल पक्ष के लोग और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे तथा मारपीट भी करते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## जींद की राजकीय आईटीआई 7299 आवेदनों के साथ चौथे स्थान पर

# आईटीआई में दाखिले को लेकर दो दिन शेष, संस्थानों में चहल-पहल

राजकीय आईटीआई कैथल 7784 आवेदनों के साथ पहले स्थान पर 7323 आवदेनों के साथ राजकीय आईटीआई भिवानी दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

आईटीआई में दाखिले के लेकर अब दो दिन शेष बचे हैं। तकनीकी शिक्षा में दक्ष होने के लिए आईटीआई में दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अब तक जिलेभर की नौ राजकीय व 16 निजी आईटीआई में 5244 सीटों पर लगभग 13 हजार आवेदन आ चुके हैं। जिसमें से जींद की राजकीय आईटीआई में विभिन्न 25 ट्रेड में 7299 आवेदन आ चुके हैं। इससे जाहिर है कि आईटीआई में एडमिशन लेना आसान नही है। इस बार दसवीं में करीब 19 हजार और 12वीं में 17 हजार से 'यादा विद्यार्थी पास आउट हुए हैं। सात जून से दाखिला के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसकी अंतिम तिथि 21 जून है। आवेदक को एडमिशनस डॉट आईटीआई हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिसमें विद्यार्थी के पास आधार कार्डए परिवार पहचान पत्र, ई-मेल आईडी, बैंक खाता संख्या, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, नवीनतम फोटोए हरियाणा के स्थायी निवासी का प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज जरूरी हैं। राजकीय आईटीआई जींद के प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि राजकीय आईटीआई कैथल 7784 आवेदनों के साथ पहले, फिर 7323 आवदेनों के साथ राजकीय आईटीआई भिवानी दूसरे, 7300 आवेदनों के साथ राजकीय आईटीआई हिसार तीसरे नंबर पर है। इस समय जींद की राजकीय आईटीआई 7299 आवेदनों के साथ प्रदेश में चौथे स्थान पर है। जबकि इसके बाद राजकीय आईटीआई यमुनानगर 5682 आवेदनों के साथ पांचवें, राजकीय आईटीआई अंबाला सिटी 5312 आवेदनों के साथ छठे, राजकीय आईटीआई सिरसा 51550 आवेदनों के साथ सातवें, राजकीय आईटीआई करनाल 4692 आवेदनों के साथ आठवें, राजकीय आईटीआई नरवाना 4590 आवेदनों के साथ नौवें व राजकीय आईटीआई बरवाला 4384 आवेदनों के साथ दसवें स्थान पर है।



जींद। आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन करते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय आईटीआई जींद में आए आवेदनों की संख्या

| ट्रेड का नाम | आवेदनों की संख्या |
|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 1653 |
| वायर मैन | 811 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर प्रो. असिस्टेंट | 801 |
| फिटर | 597 |
| मैकेनिक डीजल | 332 |
| रेफ्रिजरेटर एवं एसी तकनीशियन | 327 |
| स्टेनोग्राफर इंग्लिश | 310 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 306 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 302 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 297 |
| पलंबर | 261 |
| ड्राफ्ट्समैन सिविल | 221 |
| मशीनिस्ट | 182 |
| टर्नर | 131 |
| ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल | 129 |
| मैकेनिक ट्रैक्टर | 104 |
| वैल्डर डयूअल | 102 |
| तकनीशियन इलेक्ट्रीशियन | 88 |
| फिटर डयूल | 67 |
| ड्रेस मेकिंग | 62 |
| पेंटर जनरल | 62 |
| मैकेनिकट डीजल डयूल | 42 |
| स्यूइंग टैक्नोलॉजी | 36 |
| वूड वर्क तकनीशियन | 35 |
| जियो इन्फोटिक्स | 30 |



जींद। बैठक में मौजूद संघ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## कश्मीरी लाल सैनी बने सफीदों डिवीजन कार्यकारिणी के अध्यक्ष

■ अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने आयोजित की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन जिला सचिव महेंद्र शर्मा के आह्वान पर सफीदों डिवीजन कार्यालय में जिला सचिव महेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मंच का संचालन डिवीजन अध्यक्ष कश्मीरी लाल सैनी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी से प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा, जिला अध्यक्ष लोकेश भ्याण, जिला सचिव महेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी बिल्लू दहिया व समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। बैठक में संगठनात्मक विषय एवं आंदोलन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें सभी पदाधिकारी के विचार और सहमति से आंदोलन का बिगुल बजाया गया। सभी पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव का समय है और पिछले साढे.नौ साल से सरकार ने विद्युत विभाग के अनुबंधित कर्मचारियों के हित में कार्य नहीं किए हैं। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। संगठन की मुख्य मांग सरकार द्वारा किसी भी प्रकार के रेगुलेशन पॉलिसी बनाने पर भी मंथन किया।

**प्रवेश सैनी उपाध्यक्ष**

बैठक में सफीदों डिवीजन की नई कार्यकारिणी में कश्मीरी लाल सैनी को अध्यक्ष, प्रवेश सैनी को उपाध्यक्ष, ललित वर्मा को सचिव, बिट्टू को सह सचिव, सचिन गुर्जर को कोषाध्यक्ष, विजेंद्र हाट को संगठनकर्ता, नरेंद्र को प्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया गया।



### कॉलेज में 25 जून तक आवेदन

**उचाना।** शहर के लितानी रोड स्थित सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में बीए और बीकॉम में नए सत्र 2024 के लिए एडमिशन शुरू हो गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून है। स्वामी गणेशानंद गिरि जी महाराज द्वारा स्थापित एवं विद्या भारती द्वारा संचालित धार्मिक संस्थान दिन प्रतिदिन उन्नति के पथ पर अग्रसर है। यहां लड़कियों को संस्कार युक्त शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाता हैं। प्रिंसिपल डा. दर्शना, कॉलेज प्रवक्ता राजबाला श्योकंद ने बताया कि छात्राओं ने वर्ष 2022-23 में चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल, यूथ फेस्टिवल में भी महाविद्यालय की छात्राएं बढ़ चढ़कर भाग लेती हैं। एडमिशन के लिए महाविद्यालय में ऑनलाइन फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बीए के लिए 240 एवं बीकॉम के लिए 80 सीटें निर्धारित की गई है।

### हाबड़ी व पाड़ला में जल एवं तालाब संरक्षण के लिए किया जागरूक

**कैथल।** हरियाणा तालाब प्राधिकरण की ओर से गांव हाबड़ी व पाड़ला में जल एवं तालाब संरक्षण हेतू जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक पेश करके लोगों को तालाबों के संरक्षण एवं सफाई रखने हेतू जागरूक किया। इसके बाद तालाब के समीप जाकर जल संकल्प एवं जल आरती की गई, जहां पर उनको तालाब बचाव-गांव बचाव की शपथ दिलाई। इस अभियान में ग्रामीणों को तालाब की साफ-सफाई रखने, नाजायज कब्जा न होने देने और रख-रखाव करने के प्रति अन्य ग्रामीणों को जागरूक किया। पौंड अथोरिटी की तरफ से सहायक अभियंता भारत ने बताया कि तालाब प्राधिकरण की ओर से गांव-गांव में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अमृत सरोवर योजना के तहत प्रदेश में चल रहे कार्यों व तालाबों की स्वच्छता बनाए रखने के संदेश को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला में अमृत सरोवर योजना के तहत 50 तालाबों को जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण किया गया है। इस योजना के तहत गांव हाबड़ी व पाड़ला में 2-2 पौंड बनाए गए हैं।

## सुसाइड नोट मामले में तीन आरोपितों को जेल भेजा

**सफीदों।** सफीदों नागक्षेत्र के पास टायर पंक्चर की दुकान चलाने वाले मोंटू शर्मा सुसाइड नोट मामले में सफीदों सदर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें बुधवार को कोर्ट में पेश करके जींद जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गिरीश, शंकर दास व ओमप्रकाश निवासी सफीदों के रूप में हुई। गत तीन अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में मृतक मोंटू शर्मा के भाई गौरव शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा था कि उक्त आरोपियों ने एक इकरारनामा दो फरवरी 2015 को उसके भाई मोन्टू शर्मा, उसकी मां नीलम रानी व उसके द्वारा लिखा गया दर्शाया था। उपरोक्त ईकरारनामा पर उसने कभी भी हस्ताक्षर नहीं किए और इस इकरारनामा पर उसके दर्शाये गए हस्ताक्षर फर्जी व गलत है। उक्त इकरारनामा उसके भाई मोन्टू शर्मा व उसकी माता नीलम शर्मा से धोखाधड़ी व गलत तरीके से पैसे ऐठने लिए फर्जी बनाया गया था। इस फर्जी इकरारनामें को गलत प्रयोग करते हुए आरोपी उनसे पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहे हैं और 38 लाख रुपए लेने का गलत तरीके से दबाव बना रहे थे। जिस कारण उसके साथ-साथ उसका भाई मोंटू शर्मा व उसकी मां नीलम रानी मानसिक तौर पर बेहद परेशान थे। आरोपितों ने उसके भाई मोन्टू शर्मा के ऊपर दबाव बनाने के लिए 11 अप्रैल 2018 को उसके मकान पर आए। उन्होंने उसके भाई को धमकियां दी कि अगर उसने दो दिन में पैसे नहीं दिए तो उसकी दुकान से उसे जबरदस्ती बेदखल कर देंगे। उसके भाई मोन्टू शर्मा की लाश 13 अप्रैल 2018 की रात को नागक्षेत्र सरोवर सफीदों से मिली। उसका संस्कार व अस्थिया विसर्जन के बाद उन्हें घर की अलमारी में से उसके भाई द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसके भाई मोन्टू शर्मा ने अपनी मौत का जिम्मेवार इन आरोपियों को ठहराया था।

### योग शिविर के लिए वरदान बना शेड

**सफीदों।** सुबह से ही तपा देने वाली भीषण गर्मी के इस मौसम में 21 जून को यहां आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर को लेकर स्थानीय नई अनाज मंडी का शेड वरदान सिद्ध हो रहा है। इस शेड के नीचे योग शिविर के आयोजन की तैयारी में लोगों को योग की रिहर्सल कराई जा रही है। इस तरह के आयोजन के लिए सफीदों में और कोई ऐसी जगह उपलब्ध नहीं है। इस जगह 10वें उपमण्डल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में पायलट रिहर्सल का आयोजन आज किया गया। यहां के तहसीलदार राजेश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस पायलट रिहर्सल में करीब पांच सौ लोगों ने भाग लिया। इसकी व्यवस्था देख रहे स्थानीय सिविल अस्पताल के होमियोपैथी चिकित्सक डाक्टर संदीप कुमार ने बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए योग करना जरूरी है।

## एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने दो बाइक चोर पकड़े, तीन वाहन किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 3 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि गांव चीका निवासी सुखी राम की शिकायत अनुसार 1 जुन को उसके मकान के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना द्वारा जिला पुलिस को दुपहिया वाहन चुराने वाले आरोपियों पर शिकंजा कसने के आदेश दिए गए है। आदेशो पर खरा उतरते हुए उपरोक्त मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई राजेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी अशोक कुमार की टीम द्वारा एचसी लखविंद्र सिंह को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर तत्पर व मुस्तैदी पूर्वक कार्रवाई करते हुए चीका से आरोपी गांव पहाड़पुर निवासी रमेश तथा कलरमाजरा निवासी धर्मचंद को काबू कर लिया गया। आरोपियों से व्यापक पूछताछ दौरान आरोपियों के कब्जे से उपरोक्त चोरीशुदा बाइक सहित कुल 3 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। दोनों आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिए गए।



एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस गिरफ्त में बाइक चोर

### समाधान शिविर बन रहे लोगों के लिए वरदान

**उचाना।** उचाना उपमंडल कार्यालय में हर रोज कार्य दिवस के दिन दो घंटे तक विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठकर एसडीएम गुलजार मलिक लोगों की समस्याओं को सुन रहे है। समाधान शिविर लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। क्योंकि इन शिविरों में अधिकांश समस्याओं का समाधान हो रहा है। लोगों ने शासन, प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले इन शिविरों की सराहना की। एसडीएम ने कहा कि जो-जो समस्याएं आती है कोशिश रहती है कि उनका समाधान हो। सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी दो घंटे तक समाधान शिविर में मौजूद रहते है। ऐसे में जिस भी विभाग की समस्या है वो क्या है उसका समाधान कब तक होगा ये तय हो जाता है। जिन समस्याओं का समाधान मौके पर होना होता है।

## पूंडरी हलका उनका घर है, यहां के लोग उनका परिवार : दिनेश कौशिक

■ कहा : उनका मुख्य फोकस स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन पर रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पूंडरी



पूंडरी। गांव फरल में ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक।

हल्के से 2 बार विधायक रहे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. दिनेश कौशिक ने कहा कि पूंडरी हलका उनका घर है, यहां के लोग उनका परिवार हैं, इसलिए वे अपने घर के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे और जो काम पिछले कार्यकाल में रह गए थे और भविष्य में करने योग्य हैं उन्हें किया जाएगा। दिनेश कौशिक गांव फरल ग्रामीणोंको संबोधित कर रहे थे। प्रो. दिनेश कौशिक ने कहा कि अब उनका मुख्य फोकस स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन पर रहेगा। उन्होंने कहा कि पूंडरी हल्के की चौपालों, गलियों, नालियों, सड़कों और अन्य सार्वजनिक कायार्े पर 2 बार के कार्यकाल में खूब काम करवाया गया। हल्के के प्रत्येक गांवो में उन्होंने विकास कार्य करवाए थे, अब आगामी विधानसभा चुनाव में जनता के आशीर्वाद से एक बार फिर विधानसभा और सरकार के माध्यम से हल्के को विकास के मामले में टॉप करना है। पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक ने कि जिस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा एक हरियाणवीं एक का नारा देकर पूरे प्रदेश में एक समान विकास कार्य करवाकर क्षेत्रवाद को समाप्त करने का काम किया उसी प्रकार हल्के के प्रत्येक गांवों में समान रूप से कार्य करवाए जाएंगे।

### शहर में कम नहीं हो रहा बंदरों को आंतक

**उचाना।** शहर में बंदरों का आंतक कम नहीं हो रहा है। राजेंद्रा कालोनी में घर के बाहर खड़ी महिला राजबालाको बंदरों ने काट लिया। बंदरों के काटने से जब महिलाओं ने चीख पुकार मचाई तो आस पड़ोस के लोग, घर के लोगों ने बंदरों को भगाया। निरंतर बंदरों का आंतक शहर में बढ़ रहा है। हर रोज किसी न किसी मोहल्ले में बंदरों के काटे जाने के मामले हो रहे है। बुजुगोर्ं, बच्चों, महिलाओं में बंदरों के आंतक से सबसे 'यादा डर बना हुआ है। विकास, रामकेश, संदीप ने कहा कि निरंतर बंदरों का आंतक बढ़ रहा है। ऐस कोई दिन नहीं जाता जिस दिन बंदर परेशान न करते हो।

## उचाना कलां की रितु गौतम ने पाया 30वां रैंक

# खटकड़ के अभिषेक का एचसीएस की परीक्षा में 30वां रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना

एचसीएस परीक्षा के घोषित परिणाम में बांगर के युवाओं का दबदबा रहा। खटकड़ गांव का अभिषेक पुत्र राजकुमार ने 399.8 अंक प्राप्त करके हरियाणा में पहला स्थान प्राप्त किया। उचाना कलां गांव की बेटी रितु ने भी एचसीएस की परीक्षा में 30वां रैंक प्राप्त किया। दोनों के घर वालों को इसका पता लगने के बाद खुशी का ठिकाना नहीं रहा। घर पर बधाई देने वालों को तांता लग गया। देर रात तक लोग घर पर बधाई देने के लिए आते रहे।

गांव खटकड़ के अभिषेक खटकड़ ने बताया कि उसका सपना पुलिस ऑफिसर बनने का है। एचसीएस की तैयारी बिना कोचिंग लिए घर पर की है। सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। दूसरी बार में एचसीएस की परीक्षा पास की। हरियाणा में नंबर वन आने की उसे उम्मीद थी। परिणाम में जो उम्मीद उसे थी वो पूरी हुई। आठ से 10 घंटे पढ़ाई करता था। परिवार में पिता राजकुमार खेतीबाड़ी करते है तो माता कविता कसूहन के राजकीय स्कूल में लेक्चरार है। जीवन में हमेशा प्रयास जारी रखने चाहिए क्या पता कम सफलता मिल जाए। ये जरूरी नहीं है कि शहरी क्षेत्र के बच्चें आगे आते है। ग्रामीण अंचल के बच्चें भी निरंतर आगे आ रहे है। बड़े सपने जीवन में देखने चाहिए उन सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कोई भी मंजिल दूर नहीं होती सब उसको पाने के लिए आपके अंदर जुनून होना चाहिए। आईएएस बनने का उसका सपना है।

पिता राजकुमार खटकड़, माता कविता देवी, ताऊ इंद्र सिंह खटकड़, दादा रामस्वरूप खटकड़, चाचा बलवान खटकड़ ने कहा कि अभिषेक खटकड़ ने परिवार का ही नहीं बल्कि गांव, जिले का नाम रोशन किया है। हरियाणा में नंबर वन एचसीएस की परीक्षा में आना बड़ी बात है। बिना कोचिंग के पढ़ाई वो करता था। जब परिणाम आया तो पूरा परिवार खुशी से झूम उठा।





उचाना। अभिषेक खटकड़ के साथ खटकड़ खाप के उप प्रधान लीला राम छापड़ा व रितु शर्मा के साथ परिवार के साथ खुशी मनाते हुए।

**रितु शर्मा का भी चयन**

उचाना कलां की बेटी रितु शर्मा पुत्री दयानंद शर्मा ने एचसीएस की परीक्षा में 30वां रैंक प्राप्त किया। पोती के एचसीएस की परीक्षा पास करने का पता चलने के बाद दादा टेकचंद शर्मा का खुश का ठिकाना नहीं रहा। शीशपाल शास्त्री, ब्राह्मण चौबीसी प्रधान अनिल शर्मा, चंद्रपाल शर्मा, शिव कुमार शर्मा, सत्यवान शर्मा ने कहा कि ये उचाना कलां के लिए गर्व की बात है कि गांव की बेटी रितु ने एचसीएस की परीक्षा में 30वां रैंक प्राप्त किया है। शुरू से ही पढ़ाई में रितु होशियार है। रितु शर्मा ने कहा कि परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग उसे मिला है। दादा का सपना था कि पोती अफसर बने। दादा के सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की। बेटी आज किसी मामले में बेटों से पीछे नहीं है। बेटी भी माता-पिताए गांव का नाम रोशन कर रही है। अभिभावकों को चाहिए कि बेटियों को भी बेटों की तरह प्रोत्साहित करें।

**पूर्व सांसद ने दी बधाई**

पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने एचसीएस परीक्षा पास हुई उचाना कलां से रितु शर्मा को फोन कॉल करके बधाई दी। सांसद ने कहा कि होनहार युवा क्षेत्र की शान है।